कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour& Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC
सत्यमेव जयते
उप-क्षेत्रीय कार्यालय, पंचदीप भवन,
न्यु सुभाष नगर,भोपाल, म .प्र.462023
Sub-Regional Office, Panchdeep Bhavan,
New Subhash Nagar, Bhopal, M.P.- 462023
Phone: 0755-2759043,
Email- dir-srobhopal@esic.nic.in, www.esic.gov.in

क्र. 81-ए/49/31-1/2024-रा.भा.(11) दिनांकः 04/09/2025

**//परिपत्र//**

**विषयः- राजभाषा पखवाड़ा-2025 के आयोजन के संबंध में।**

मुख्यालय के पत्रांक ए-49/16/5/2024-रा.भा., दिनांक 01/09/2025 में निर्देश दिए गए हैं कि दिनांक 14 एवं 15 सितंबर, 2025 को माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में हिंदी दिवस गांधीनगर, गुजरात में आयोजित किया जाएगा। निगम इकाइयों में दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2025 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा तथा इसका समापन समारोह दिनांक 29 सितंबर, 2025 को आयोजित किया जाएगा।

अतः निर्देशानुसार उप-क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल में दिनांक 14 सितंबर, 2025 से 28 सितंबर, 2025 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन दिनांक 29 सितंबर, 2025 को किया जाएगा। इस अवधि में आयोजित होने वाली गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र.सं | कार्यक्रम का विवरण | आयोजन की तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | हिंदी निबंध प्रतियोगिता | 16/09/2025 अप. 04.00 से 05.00 बजे तक | उप-क्षेत्रीय कार्यालय |
| 2 | हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता | 17/09/2025, अप. 04.00 से 05.00 बजे तक | |
| 3 | हिंदी वाक् प्रतियोगिता | 18/09/2025, अप. 04.00 से 05.00 बजे तक | |
| 4 | राजभाषा ज्ञान प्रतियोगिता | 19/09/2025, अप. 04.00 से 05.00 बजे तक | |
| 5 | शाखा कार्यालय अमलाई का राजभाषा निरीक्षण के साथ जांच बिंदुओं का भी निरीक्षण | 22/09/2025 | |
| 6 | उप-क्षेत्रीय कार्यालय की प्रशासन शाखा, हितलाभ शाखा, सामान्य शाखा, वित्त एवं लेखा शाखा का राजभाषा निरीक्षण के साथ जांच बिंदुओं का भी निरीक्षण | 23/09/2025 | |
| 7 | शाखा कार्यालय, सागर का राजभाषा निरीक्षण के साथ जांच बिंदुओं का | 24/09/2025 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | भी निरीक्षण | | |
| 8 | एक दिवसीय पूर्णकालिक हिंदी कार्यशाला | 25/09/2025 | |
| 9 | शाखा कार्यालय, न्यु सुभाषनगर, सोनागिरी एवं मण्डीदीप का राजभाषा निरीक्षण के साथ जांच बिंदुओं का भी निरीक्षण | 26/09/2025 | |
| 10 | हिंदी दिवस पखवाड़ा का समापन समारोह, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण। | 29/09/2025 (समय 04.00 बजे से) | उप-क्षेत्रीय कार्यालय |

सभी शाखा अधिकारियों एवं शाखा प्रबंधकों से अनुरोध है कि वे इस दौरान जारी किए जाने वाले सभी पत्रों के शीर्ष पर **"राजभाषा पखवाड़ा - 2025"** अंकित करवाना अवश्य सुनिश्चित करें साथ ही ध्यान रखें कि **इस अवधि में कोई भी पत्र केवल अंग्रेजी में जारी न करें** । सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अपील की जाती है कि वे अपना कार्यालयीन कामकाज (टिप्पण-आलेखन इत्यादि) हिंदी में ही करें।

सभी शाखा प्रबंधक विशेष रूप से ध्यान रखें कि वे अपने शाखा कार्यालयों /औषधालय सह शाखा कार्यालयों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए समुचित कदम उठाएं। शाखा कार्यालयों/औषधालय सह शाखा कार्यालयों में **राजभाषा पखवाड़ा** संबंधी बैनर/पोस्टर इत्यादि अवश्य चस्पा करें।

संलग्नः- यथोपरि।

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 04-09-2025 17:55:38

**(अनिल कुमार)**
**सहायक निदेशक (रा.भा.प्र.)**
**कृते- संयुक्त निदेशक**

प्रति,

1. समस्त शाखा अधिकारी, उप-क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, भोपाल
2. चिकित्सा निदेशी, क.रा.बी.निगम, भोपाल/जबलपुर।
3. समस्त कार्यालय अधीक्षक, उप-क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, भोपाल।
4. समस्त शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय, क.रा.बी. निगम, उप-क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से संबद्ध।
5. - सूचना पटल।